प्रेस विज्ञप्ति (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 55/2024)

तत्काल जारी करें

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

विषय: TRAI के नाम से धोखाधड़ी के कॉल करने वालों से सावधान रहें!

नई दिल्ली, 21 अगस्त 2024: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) के संज्ञान में आया है कि कई नागरिकों को पूर्व-रिकॉर्डेड कॉल आ रहे हैं, जो TRAI से होने का दावा करते हैं। इन कॉलों में नागरिकों को धमकाया जाता है कि उनके मोबाइल नंबर जल्द ही ब्लॉक कर दिए जाएंगे और उनसे कुछ व्यक्तिगत जानकारी मांगी जाती है।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) ग्राहकों से मोबाइल नंबर बंद करने के संबंध में संदेश या अन्य किसी माध्यम से संपर्क नहीं करता है। TRAI ने ऐसे कार्यों के लिए किसी तीसरे पक्ष की एजेंसी को भी अधिकृत नहीं किया है। इसलिए, किसी भी प्रकार का संचार (कॉल, संदेश या सूचना) जो TRAI से होने का दावा करता है और मोबाइल नंबर बंद करने की धमकी देता है, उसे संभावित धोखाधड़ी का प्रयास माना जाना चाहिए और उसका जवाब नहीं देना चाहिए।

किसी भी मोबाइल नंबर को बिलिंग, केवाईसी या किसी अन्य दुरुपयोग के कारण बंद करने का कार्य संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाता (TSP) द्वारा किया जाता है। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे सतर्क रहें, घबराएं नहीं और संदिग्ध धोखेबाजों का शिकार न बनें। उन्हें यह भी सलाह दी जाती है कि वे संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाता (TSP) के अधिकृत कॉल सेंटर या ग्राहक सेवा केंद्रों से संपर्क करके ऐसे कॉलों का सत्यापन करें।

साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए, नागरिकों को दूरसंचार विभाग के संचार साथी प्लेटफॉर्म पर चक्षु सुविधा के माध्यम से संदिग्ध धोखाधड़ी संचार की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस प्लेटफॉर्म को https://sancharsaathi.gov.in/sfc/ पर एक्सेस किया जा सकता है। साइबर अपराध के पुष्ट मामलों में, पीड़ितों को निर्धारित साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर '1930' पर या आधिकारिक वेबसाइट https://cybercrime.gov.in/ के माध्यम से घटना की रिपोर्ट करनी चाहिए।

(अतुल कुमार चौधरी)

सचिव, TRAI